भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2855

जिसका उत्तर 05.12.2019 को दिया जाना है

राजमार्गों की खराब स्थिति

2855. श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकरः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में राजमार्गों की खराब स्थिति के संबंध में सरकार द्वारा कोई आंकलन किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे राजमार्गों की पहचान की है जहां सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त प्रयोजनार्थ अत्याधुनिक नेटवर्क सर्वेक्षण वाहनों के उपयोग के संबंध में कोई दिशा-निर्देश जारी किए है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या ऐसे वाहनों के उपयोग हेतु राजमार्ग चिह्नित किए गए है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या दादरा और नागर हवेली (संघ राज्यक्षेत्र) का राजमार्ग चिह्नित राजमार्गों के अंतर्गत कवर किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ.): राष्ट्रीय राजमार्गों के खंडों पर स्थिति का आकलन, विकास एवं अनुरक्षण कार्य शुरू करने से पहले किए जाते हैं। वर्ष 2011 से 2014 के दौरान दुर्घटनाओं/मौतों के आधार पर 789 ब्लैक स्पॉटस चिह्नित किए गए है। हाल ही में मंत्रालय ने दादरा और नागर हवेली (संघ राज्यक्षेत्र) सहित देश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं जिसमें चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण इत्यादि शामिल हैं, के लिए सड़क की परिस्थितियों का आकलन करने हेतु नेटवर्क सर्वेक्षण वाहन (एनएसबी) का उपयोग करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

*****